## एसडीएम डलहौजी ने विंटर सीजन पर सभी विभागों के अधिकारियों से की चर्चा

**बनीखेत।** पर्यटन नगरी डलहौजी में विंटर सीजन के दौरान उपमंडल डलहौजी में सुरक्षित पर्यटन, सड़क, बिजली व पानी की सुविधाएं और बेहतर यातायात प्रबंधन के उद्देश्य से एसडीएम डलहौजी जगन ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोनिवि, जलशक्ति विभाग, नगर परिषद, पुलिस विभाग, होटल एसोसिएशन, और टैक्सी यूनियनों सहित एनजीओ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक मे विंटर सीजन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सुझाव लिए गए जिसमें एसडीएम जगन ठाकुर ने कहा कि बर्फबारी से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, ताकि पर्यटन नगरी डलहौजी के आमजन एवं पर्यटकों को इस दौरान किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। बर्फबारी के दौरान पर्यटकों के लिए आवश्यकतानुरूप बचाव कार्यों के लिए आपात परिस्तिथियों से निपटने के लिए उपमंडलीय प्रशासन द्वारा होटल एसोसिएशन व टैक्सी यूनियन के सहयोग से हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा ताकि आपात स्थिति में फंसने पर पर्यटक त्वरित सहायता के लिए संपर्क कर सकें। वहीं मौसम विभाग की एडवाइजरी के अनुरूप होटल एसोसिएशन व टैक्सी यूनियन खराब मौसम की स्तिथि से पर्यटकों को अवगत कर जागरूक करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बर्फबारी से निपटने के लिए चुस्त-दुरुस्त रहने के आदेश दिए।

# ऑटोनोमस बनेंगे पुराने व जिला मुख्यालय स्तर पर स्थापित कॉलेज: डॉ. देवदत्त

## कहा- अपनी व्यवस्था होगी तो समय पर आएगा रिजल्ट

वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला

**आगामी** 5-10 सालों में प्रदेश के पुराने व जिला मुख्यालय स्तर पर स्थापित कॉलेज ऑटोनोमस (स्वायत्तशासी) होंगे। कॉलेजों के ऑटोनोमस होने से रिसर्च वर्क को बढ़ावा मिलेगा। यह बात सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय मंडी के वाइस चांसलर डॉ. देवदत्त शर्मा ने धर्मशाला कॉलेज द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।

टूरिज्म, मैनेजमेंट, साइंसेज, ह्यूमनिटी और सोशल साइंस पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में डॉ. डीडी शर्मा ने उदाहरण के तौर पर कहा कि एचपीयू का हाल ही में रिजल्ट आया। कॉलेज की अपनी व्यवस्था होगी तो कॉलेज स्वयं जिम्मेदार होगा। रिजल्ट समय पर आएगा और कॉलेज अपने स्तर पर विषय भी शुरू कर सकेगा, जिससे स्थानीय क्षेत्र की चीजों व कला को प्रमोट किया जा सकता है। ऑटोनोमस कॉलेज होगा तो स्थानीय स्टूडेंट्स भी कॉलेज से जुड़कर खुद को गौरवान्वित महसूस करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में 4 साल की ग्रेजुएशन की डिग्री होगी और ग्रेजुएशन के बाद स्टूडेंट्स रिसर्च में जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पढ़ाई से ही नहीं, बल्कि देखने से भी सीखते हैं।

▮ स्थानीय चीजों, कला को भी किया जा सकेगा प्रमोट

▮ एनईपी में 4 साल की ग्रेजुएशन के बाद रिसर्च में जा सकेंगे छात्र



**धर्मशाला** कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि व अन्य।

### प्रभावित होकर रिसर्च की ओर बढ़ते हैं लोग

**इंटरनेशनल** कॉन्फ्रेंस को लेकर डॉ. देवदत्त शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोग प्रभावित होते हैं और रिसर्च की ओर आगे बढ़ते हैं। धर्मशाला टूरिज्म और कल्चरल दृष्टि से अनूठा है। यहां पर कई विधाओं, भाषाओं सहित अन्य चीजों का भी भंडार है, जब इन पर रिसर्च होगी तो यह सभी चीजें जनता के सामने आएंगी, जिन्हें बहुत कम लोग वर्तमान में जानते हैं।

### धर्मशाला कॉलेज की सार्थक पहल

**डॉ.** शर्मा ने कहा कि अंतर अनुशासनिक कॉन्फ्रेंस का कॉलेज स्तर पर आयोजन अनूठी गतिविधि है। शिक्षा के उत्थान व विस्तार के इस तरह के आयोजनों का शिक्षकों व स्टूडेंट्स को लाभ होता है। शिक्षा इंटर डिसिपलनरी सब्जेक्ट है, कॉन्फ्रेंस में टूरिज्म, मैनेजमेंट, सोशल, साइंस और ह्यूमनिटी सभी तरह के विषयों को समाहित किया है। धर्मशाला कॉलेज अब सरदार वल्लभ भाई पटेल विश्वविद्यालय के अधीन आता है, धर्मशाला कॉलेज ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की सार्थक पहल की है।

### तेंजिन ने बताया शिक्षा का महत्व

**इंटरनेशनल** कॉन्फ्रेंस में विशिष्ट अतिथि के रूप में तेंजिन डेमचो बौद्धिक दर्शनशास्त्र के प्रवक्ता ने शिक्षा का महत्व बताते हुए करुणा और प्रेम से मानसिक स्वच्छता करते हुए समृद्धि संसार में योगदान पर बल दिया। स्कूल ऑफ होस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म के प्रो. महिंद्रा चंद विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉ. क्रिस्टिन जेम्स मोर्गन, विवेक दत्ता और नीरज जोली ने रिसोर्स पर्सन के रूप अपने विचार साझा किए। इस मौके पर धर्मशाला कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार (संरक्षक) के नेतृत्व में डॉ. अजय सिंह एसोसिएट प्रोफेसर कॉन्फ्रेंस के कन्वीनर आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी में सार पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

## डीसी ने रैत और इंदौरा ब्लॉक में लिया विकास कार्यों का जायजा


**डीसी** डॉ. निपुण जिंदल ने ढडंभ पंचायत में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला

▮ कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ काम करने के निर्देश दिए

**डीसी** कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने को विकास खंड रैत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढडंभ में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने इंदौरा में बन रहे लघु सचिवालय के निर्माणकार्य का निरीक्षण कर उसकी प्रगति का संज्ञान लिया।

डॉ. निपुण जिंदल ने इंदौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुरड़वां में भी चल रहे विकास कार्यों को जांचने का कार्य किया। उन्होंने इस अवसर पर विकास कार्यों में लगे विभाग और कर्मचारियों को पूरी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के क्रियान्वयन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रख जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए लोगों की सुविधा का भी ख्याल जाए। उन्होंने कहा कि चुनावी गतिविधियों और आदर्श चुनाव संहिता के चलते जो महत्वपूर्ण विकास कार्य अभी तक रुके हुए थे उनको सभी विभाग अविलंब पूरा करें। डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि लघु सचिवालय का निर्माण और पंचायतों में मनरेगा के तहत होने वाले कार्य सीधा जनता से जुड़े हुए प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें की इनकी प्रगति में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए।

## न्यूज 1 नजर में

### 29.06 ग्राम चिट्टे के साथ 2 गिरफ्तार

**चंबा।** पुलिस ने 29.06 ग्राम चिट्टे के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ने बताया कि समय लगभग शनिवार सुबह जिला चंबा पुलिस के विशेष अन्वेषण दल ने तुननुहट्टी के पास डगोह नामक स्थान पर नाकाबंदी के दौरान पठानकोट से चंबा की ओर आ रही एक वर्ना कार में सवार गौरीकवाल पुत्र सुरजीत सिंह गोन परागपुर तहसील पट्टी जिला तरणतारण (पंजाब) तथा हरपाल सिंह पुत्र पूर्ण सिंह गांव व डाकघर चुसलेवर जिला तरणतारण (पंजाब) के कब्जे से कुल 29.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस पर उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना चुवाड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### साइंस स्किट प्ले में रेनबो स्कूल प्रथम

**नगरोटा सूरियां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में जिला स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का रविवार को समापन हो गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा उपनिदेशक कांगड़ा रेखा कपूर रहीं। उनका स्टाफ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय विधालय के प्रधानाचार्य सुशील धीमान ने मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन में आए सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि रेखा कपूर ने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान की महत्ता को देखते हुए विज्ञान आधारित गतिविधियों की बहुत आवश्यकता है इसलिए चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के माध्यम से छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारियां हासिल करने में मदद मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां से जिला स्तर की टीम बनेगी बह टीम राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। यहां इनोवेटिव सांइस मॉडल में कोटला स्कूल प्रथम रहा। डीएवी बागनी द्वितीय, सांइस स्किट प्ले में रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां प्रथम, बालकरुपी स्कूल द्वितीय रहा। साइंस एक्टिविटी कॉर्नर में लॉरेंस पब्लिक स्कूल शाहपुर प्रथम, चनौर स्कूल द्वितीय, मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में रेनबो इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, डीएवी बागनी, सांइस क्विज में डीएवी बागनी प्रथम, मझीण स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे।

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखेगी काव्य वर्षा की लिखित फिल्म 'शक'




**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला की होनहार लेखिका काव्य वर्षा ने एक और नया मुकाम पा लिया है। जिला के तहत जवाली के लुधियाड़ गांव की रहने वाली काव्य वर्षा द्वारा लिखित फिल्म शक को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाएगा। इस फिल्म की कहानी काव्य वर्षा ने लिखी है। कुछ दिन पहले शूट यह फिल्म महज 48 घंटे में बनाई गई है। खास बात यह है कि रिलीज से पहले ही यह मूवी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दरवाजे पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ठाणे मुंबई में 5 दिसंबर को दिखाया जाएगा। बहुत ही संवेदनशील सोच पर बनी यही फिल्म 12 दिसंबर को रिलीज की जाएगी। इस बार डायरेक्शन की कमान कुलदीप सिंह के हाथ रही, जो कि लंबे समय से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और बतौर एक्टर भी एक नाम स्थापित कर चुके हैं। फिल्म को एकलव्य सेन ने प्रोड्यूस किया है। दूसरी ओर काव्य वर्षा की पॉकेट मनी फिल्म भी इस फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी।




### द्रोणाचार्य कॉलेज में गीता की प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**धर्मशाला।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर कॉलेज रैत में संजीवनी क्लब के सौजन्य से गीता जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम स्वामी प्रेमानंद महाराज पीठाधीश्वर परौर पालमपुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बीएड के विद्यार्थियों ने गीता की प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसके बाद अंतर सदनीय भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें अनिता और सोनाली क्रमशः राधा कृष्णन और विवेकानंद सदन प्रथम रहे और श्लोक वंदना में टैगौर सदन रहा। ▮हिमाचल दस्तक

# पिता-भाई ने जताई हत्या की आशंका

## घटना वाले दिन बेटी से मिलकर गई थी मां

हिमाचल दस्तक ▮ कांगड़ा

**खोली में विवाहिता की मौत का मामला...**

▮ कहा- कुछ देर बाद मिला मौत का समाचार, ससुराल पक्ष ने नहीं दी कोई सूचना

**कांगड़ा** के निकटवर्ती गांव खोली में विवाहिता मधुबाला की मौत के बाद यह मामला गर्माता जा रहा है। परिजनों ने इसमें हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से उचित कार्रवाई मांगी है।

वहीं पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच के दौरान मृतका द्वारा फंदा लगाने का मामला दर्ज किया है। इससे पहले शनिवार को टांडा में लगभग तीन दर्जन पुरुष व महिलाएं एकत्रित हुए। इनमें मृतका के भाई अक्षय कुमार, पिता जीवन लाल, बुआ समस्या देवी सहित यशवंत सिंह, माता सुनीता देवी, पंचायत उपप्रधान रमेश शामिल रहे। इन सभी ने पुलिस के समक्ष पेश होकर आशंका व्यक्त की है कि यह मामला आत्महत्या का न होकर हत्या का है। उन्होंने कहा कि मृत्यु वाले दिन मधुबाला की माता अपनी बेटी से मिलकर वापस गई थी, परंतु ऐसा क्या हो गया कि कुछ देर बाद ही मधुबाला की मौत का समाचार आ गया। उन्होंने बताया कि मधुबाला की मौत के बाद ससुराल पक्ष की ओर से किसी ने भी उसके मायके पक्ष को सूचना नहीं दी, अपितु उनके किसी रिश्तेदार उन्हें इस बारे में सूचना दी। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि सब कुछ सोची-समझी चाल के तहत वारदात को अंजाम दिया गया है। खोली पंचायत के प्रधान केवल चौधरी ने बताया कि कि मृतका के उसके ससुराल पक्ष के साथ 6 माह पूर्व छोटे-मोटे आपसी मतभेद उनके समक्ष आए थे, जिनको सुलझाने के पश्चात दोबारा कोई शिकायत नहीं आई थी।

दूसरी ओर मायके पक्ष के साथ आए हुए लोग काफी गुस्से में थे, जो कि मृतका का अंतिम संस्कार ससुराल पक्ष के आंगन में करने की बात कर रहे थे उन्हें केवल सिंह व पुलिस ने समझाया कि पुलिस हर प्रकार से उन्हें न्याय दिलवाने के लिए प्रयास करेगी। तदोपरांत वे लोग शांत हुए और मृतका का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वे इस बात की गहनता से जांच करें कि जब उनकी पुत्री की मौत हुई तो इस घर की बेटी व दामाद वहां पर सबसे पहले कैसे पहुंच गए।

> **मामला** दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अगर हत्या की आशंका की बात सामने आती है तो उसके अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।
> **-मदन लाल धीमान, डीएसपी, कांगड़ा।**

### 8 दिसंबर को मतगणना केंद्र के समीप बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

**चंबा।** जिला दंडाधिकारी अधिकारी डीसी राणा ने 8 दिसंबर को मतगणना वाले दिन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सरोल, बहुतकनीकी संस्थान सरोल के परिसर में स्थापित पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के कैंपस, राजकीय माध्यमिक पाठशाला व राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिद्धपुरा और शकुंतला मेमोरियल बीएससी नर्सिंग कॉलेज सिद्धपुरा को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा आदेश में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव-2022 के तहत जिला की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 8 दिसंबर को राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान सरोल में मतगणना होगी। भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतगणना परिसर के 100 मीटर की परिधि को पैदल यात्री क्षेत्र सीमांकित किया गया है। इस परिधि में अनाधिकृत वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित होगा। मतगणना प्रक्रिया के दौरान परिसर के बाहर अनावश्यक भीड़ और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से एहतियातन भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों को सुनिश्चित बनाने के लिए इन पांच शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

# कांगड़ा में मतगणना रिहर्सल का आयोजन

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ धर्मशाला

**हिमाचल** विधानसभा निर्वाचन के तहत कांगड़ा जिले के सभी 15 विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती के लिए शनिवार को मतगणना कार्य में लगे मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतगणना का पूर्वाभ्यास करवाया गया।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कांगड़ा में उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल और राजकीय डिग्री कॉलेज धर्मशाला के त्रिगर्त सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ की उपस्थिति में मतगणना का पूर्वाभ्यास संपन्न हुआ। बता दें, पॉलिटेक्निक कॉलेज कांगड़ा में डाकमतपत्र की गिनती में लगे कर्मचारियों और धर्मशाला कॉलेज सभागार में ईवीएम द्वारा मतगणना में लगे कर्मचारियों की रिहर्सल करवाई गई। जिले में 1100 के करीब निर्वाचन कर्मचारियों को इस दौरान प्रशिक्षण दिया गया।

### 8 दिसंबर को पूरी सतर्कता से होगी मतगणना

**उपायुक्त** कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए उन्हें मतगणना कार्य में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर को सुबह कड़ी सुरक्षा निगरानी में ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम से निकालकर बूथवाइज मतगणना अधिकारियों के टेबल पर पहुंचाई जाएंगी। मतगणना अधिकारी ईवीएम को एजेंटों की उपस्थिति में सबसे पहले कंट्रोल यूनिट सील को चैक कराएंगे। बाद में रिजल्ट का बटन दबाकर उम्मीदवार के नाम सहित मशीन में दर्शाए जाने वाले मतों का रिजल्ट दिखाएंगे।

### मतगणना हॉल में मोबाइल पर रोक

**डॉ.** निपुण जिंदल ने कहा कि मतगणना के दिन यानि 8 दिसंबर को मतगणना हॉल में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी, पार्टी के उम्मीदवार, एजेंट, आदि मतगणना हॉल में अपने साथ मोबाइल व कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ नहीं ले जा सकेंगे।

### दूसरी रिहर्सल 7 दिसंबर को

**उपायुक्त** ने बताया कि कांगड़ा जिले में विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर दूसरी मतगणना संबंधी रिहर्सल मतगणना में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने-अपने उपमंडल में 7 दिसंबर को करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में मतगणना के लिए कुल 209 टेबल लगाए जाएंगे। जिनमें 161 टेबल ईवीएम और 48 टेबल डाक मतपत्रों की गिनती के लिए स्थापित होंगे।

### एसबीआई लेडीज क्लब अध्यक्ष अनीता खारा ने धर्मशाला में शिक्षा एवं पोषण के लिए सहायता प्रदान की

**धर्मशाला।** एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्ष अनिता खारा ने धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में अपने दौरे के दौरान सीओआरडी (चिन्मय ऑर्गेनाइजेशन फॉर रूरल डिवलपमेंट) द्वारा संचालित पोषण सहायता कार्यक्रम के लिए सिद्धबाड़ी, धर्मशाला में 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की। अनिता खारा ने क्षेत्र में समुदाय आधारित पोषण और स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए योगदान के लिए 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की। उन्होंने बच्चों और महिलाओं तथा चिकित्सा कारणों या बुढ़ापे के कारण विशेष आवश्यकता वाले लोगों के स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण में सुधार के लिए सीओआरडी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के उद्देश्य से चार लैपटॉप दान करके उनके भविष्य के लिए प्रशिक्षण का उपहार दिया।

### लोट्स स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**देहरा।** रक्कड़ के निकटवर्ती लोट्स इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। दो दिन के कार्यक्रम में पहले दिन स्कूल के चेयरमैन अश्विनी कुमार ने मुख्य अतिथि शिरकत की। खेलों में स्कूल के चारों सदनों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें चिनाब सदन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने विजेता विधार्थियों को बधाई दी।

### योल में विश्व विकलांगता दिवस मनाया

**धर्मशाला।** सूर्याउदय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा योल में विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। ट्रस्ट के स्कूल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कल्याण अधिकारी रहे और उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान छात्रों ने कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में रमेश अवस्थी, एमएस परमार, विजय शर्मा, आरसी भारती, राधे श्याम, सचिन शर्मा, अनुराधा शर्मा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**कांगड़ा।** आजादी के अमृत महोत्सव पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा देशभर की राज्य बोर्ड की दसवीं कक्षा की मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश में भी प्रदेश बोर्ड की 75 अव्वल छात्राओं को इंडियन ऑयल द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। जिला कांगड़ा में भी शनिवार को वीरता स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत जिले भर की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पेट्रोल पंप की ऑनर निर्मल सेठी ने मुख्य अतिथी के रुप में शिरकत की और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।

# पीएफएमएस-ऑनलाइन कार्यों के खिलाफ पीटीएफ ब्लॉक थुरल ने खोला मोर्चा

## सुविधाओं के अभाव में ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे ब्लॉक के शिक्षक, संघ का आरोप- ऐसे कैसे होगी शिक्षा गुणात्मक

वरिष्ठ संवाददाता ▮ धर्मशाला

**प्रधानमंत्री** फायनांस मैनेजमेंट सोसाइटी (पीएफएमएस) और ऑनलाइन कार्यों के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ (पीटीएफ) थुरल ने मोर्चा खोल दिया है।

संघ का कहना है कि एक ओर सरकार और शिक्षा विभाग गुणात्मक शिक्षा की बात कहते हैं, वहीं जिस तरह से शिक्षकों को अन्य ऑनलाइन कार्यों में उलझाया जा रहा है, उससे गुणात्मक शिक्षा कैसे संभव हो पाएगी। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर राणा, महासचिव मोहिंद्र सिंह व कोषाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर ने कहा कि एक वर्ष पहले सभी सरकारी स्कूलों को एसएसए खाते एक निजी बैंक में खुलवाने को बाध्य किया गया और कहा था कि किसी शिक्षक को कोई समस्या पेश नहीं आएगी, लेकिन वर्तमान में निजी बैंक न तो पासबुक जारी कर रहा है और न ही चेक बुक, ऐसे में स्कूल प्रबंधन को जमा राशि के बारे में भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। सरकारी स्कूल पहले ही एक या दो शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं, ऊपर से ऑनलाइन कार्यों ई-समाधान, पीएफएमएस, यूडीआई सेट करने के कार्यों को बढ़ाया जा रहा है। स्कूलों में डाटा ऑपरेटर, कंप्यूटर न होने की वजह से शिक्षकों को 30 से 60 किलोमीटर दूर बैंकों व लोकमित्र केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। यही वजह है कि शिक्षक संघ ने ऑनलाइन कार्यों का विरोध किया है। संघ ने स्पष्ट चेताया है कि जब केंद्र स्तर पर मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जाती और तुगलकी फरमानों को वापिस नहीं लिया जाता, तक तक खंड का कोई भी शिक्षक ऑनलाइन कार्य नहीं करेगा। संघ ने शिक्षा विभाग, राज्य परियोजना अधिकारी एसएसए से आग्रह किया है कि शिक्षकों पर इस तरह के दबाव न बनाए जाएं।

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975-272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

**30 सितम्बर 2022 को समाप्त तिमाही तथा अर्द्ध वर्ष हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.09.2022 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 30.09.2022 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित | 30.09.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 10,722 | 31,784 | 16,584 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (13,846) | (27,225) | (8,587) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (13,380) | (26,359) | (5,752) |
| 4. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (13,344) | (26,332) | (5,736) |
| 5. | संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त | | - | |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश) | 27,728 | 27,728 | 22,192 |
| 7. | प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर–वार्षिकृत) | | | |
| | मूलभूत (रु. में) | (4.83) | (9.51) | (2.59) |
| | तरल (रु. में) | (4.83) | (9.51) | (2.59) |

**टिप्पणियाँ:**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा तत्पश्चात् निदेशक मंडल द्वारा 2 दिसम्बर 2022 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | 30.09.2022 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित | 30.09.2022 को समाप्त अर्द्ध वर्ष अनअंकेक्षित | 30.09.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 8,073 | 25,350 | 23,103 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (10,035) | (20,112) | (7,775) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (10,035) | (20,112) | (5,060) |

**निदेशक मंडल की ओर से**
**कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
**हस्ताक्षर/–**
**देवांश जैन**
**निदेशक**

**स्थानः** नोएडा
**तिथिः** 2 दिसम्बर 2022

**हिमाचल क्रिश्चियन कम्युनिटी इस बार कोविड के बाद करेगी बड़ा आयोजन, 22 को कॉलेज ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम**

# क्रिसमस सेलिब्रेशन को धर्मशाला तैयार

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ धर्मशाला

**कोविड** के कठिन समय के बाद इस साल हिमाचल में क्रिसमस की ग्रैंड सेलिब्रेशन होने जा रही है। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव पर धर्मशाला में क्रिश्चियन कम्युनिटी अनूठा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

धर्मशाला कॉलेज आडिटोरियम में 22 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में समुदाय ने बौद्ध धर्मगुरु महामहिम दलाईलामा को न्योता दिया है। धर्मगुरु की ओर से हां होती है, तो इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के कॉमेडियन जॉनी लीवर भी शिरकत करेंगे।


**धर्मशाला।** शहर के कपूर रेस्तरां में पत्रकार वार्ता के दौरान क्रिश्चियन कम्युनिटी के पदाधिकारी

शनिवार को धर्मशाला के कपूर रेस्तरां में प्रेसवार्ता के दौरान ये खुलासे हिमाचल क्रिश्चियन कम्युनिटी के अध्यक्ष सैमुअल भारद्वाज ने किए। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी की ओर से दलाईलामा को ई-मेल के जरिए न्योता भेजा गया है। इसके अलावा फोन पर भी उनके ऑफिस बात हुई है। उनकी ओर से आने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उन्होंने फोन के जरिए बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर को भी इस कार्यक्रम में आने का न्योता दिया है। जॉनी लीवर की ओर से कहा है कि अगर दलाईलामा इस कार्यक्रम में आते हैं, तो वह भी इसमें जरूर आएंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचली गीतों के अलावा पंजाबी और नगालैंड का नृत्य भी मुख्य आकर्षण रहने वाला है।

### होटलों में खास तैयारी

**क्रिसमस** को लेकर शहर के होटलों में भी खास तैयारी की जा रही है। शहर के होटल इनफिनिटी में खास तौर से केक तैयार किया गया है। इसके अलावा कई अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इस दौरान सैलानियों को कई तरह की छूट दी जाएगी।

▮ कम्युनिटी की ओर से दलाईलामा को ई-मेल के जरिये भेजा गया है न्योता

▮ पहाड़ी-पंजाबी गीतों संग नगालैंड का डांस रहेगा आकर्षण